GUILD OF THE GOAT

# बरगद

इंसेंटिव फ़ाउंडेशन की एक पहल,
गिल्ड ऑफ़ द गोट के साथ मिलकर

# अक़्सर पूछे गए सवाल

Ph: +91 9266469069
Email: bargad.theatre@gmail.com
Instagram: @bargadtheatre

Incentive FOUNDATION

## 1. बरगद फ़ेलोशिप क्या है?

बरगद फेलोशिप दिल्ली स्थित, पूरी तरह से निःशुल्क, 5 महीने का गहन थिएटर प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जो ऐतिहासिक रूप से हाशिये पर रही समुदायों से आने वाले कलाकारों के लिए है। बरगद, इंसेंटिव फाउंडेशन की पहल है, जिसे गिल्ड ऑफ द गोट के सहयोग से संचालित किया गया है।

## 2. फ़ेलोशिप के लिए कौन आवेदन कर सकता है?

- यह फेलोशिप उन व्यक्तियों के लिए खुली है जो अपनी जाति या आर्थिक पृष्ठभूमि के कारण ऐतिहासिक रूप से वंचित रहे हैं - और जिनके अनुभव धर्म, लिंग, लैंगिकता, जातीयता या दिव्यांगता से जुड़ी हाशियाकरण की स्थितियों से भी प्रभावित हो सकते हैं।

- आवेदकों की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए।

## 3. फ़ॉर्म भरने की कोई फ़ीस?

नहीं, बिलकुल मुफ़्त। बस नाटक करने या सीखने की इच्छा चाहिए।

## 4. मेरे पास एक्टिंग की कोई प्रोफ़ेशनल ट्रेनिंग नहीं है, क्या फिर भी इस प्रोग्राम में अप्लाई कर सकते हैं?

प्रोफ़ेशनल ट्रेनिंग ज़रूरी नहीं है, लेकिन नाटक/ थिएटर परफॉर्मेंस में थोड़ा बहुत अनुभव होना चाहिए। यह बिलकुल ही शुरुआत करने वालों के लिए नहीं है।

## 5. अप्लाई करने के लिए डिग्री की ज़रुरत?

बरगद फ़ेलोशिप के लिए किसी भी डिग्री की ज़रूरत नहीं है। 10वी या 12वी की भी नहीं, बस अप्लाई करने वाले 18साल या उसके ऊपर के होने चाहिए।

## 6. मुझे अंग्रेज़ी नहीं आती, क्या फिर भी इस प्रोग्राम में अप्लाई कर सकते हैं?

ट्रेनिंग अंग्रेज़ी और हिंदी दोनों भाषा में होगी। आवेदक को कम से कम एक भाषा आनी चाहिए। लेकिन अगर आपको दोनों ही भाषा नहीं आती तो हमसे संपर्क करें, आपको समझने के बाद शायद कोई रास्ता निकल जाए।

## 7. ये कोर्स कहाँ पर होगा?

फेलोशिप का पूरा प्रशिक्षण कार्यक्रम ब्लैक बॉक्स, ओखला, दिल्ली में आयोजित किया जाएगा।

## 8. क्या दिल्ली से बाहर रहने वाले लोग भी आवेदन कर सकते हैं ?

हाँ, बाहरी आवेदक भी आवेदन कर सकते हैं। हालाँकि फैलोशिप सहायता राशि के अलावा अतिरिक्त आवास सहायता प्रदान नहीं करती है।

## 9. इस प्रोग्राम की फ़ीस कितनी है?

बिलकुल मुफ़्त। बल्कि अगर आप सलेक्ट हो गए तो हर महीने 10,000/- की सहायता राशि, पूरे कोर्स के दौरान आपको दी जायेगी।

## 10. अगर फ़ेलोशिप के लिए चुने जाते हैं तो फिर क्या होगा?

- 5 महीने की गहन ट्रेनिंग।
- हर महीने 10,000 रुपए की सहायता राशि।
- भारत के अलग-अलग जगहों से अनुभवी प्रोफ़ेशनल द्वारा अलग-अलग तरीके की ट्रेनिंग।
- आप और आपके सहपाठियों द्वारा बनाए गए नाटक का मंचन।
- पाठ्यक्रम समाप्ति के बाद इस जुनून को जारी रखने के लिए प्रतिभागियों को एक सहायक ढांचा मुहैया कराया जाएगा, भविष्य में आने वाले थिएटर के अवसरों के लिए।

## 11. प्रोग्राम का टाइम टेबल क्या होगा?

- कार्यक्रम जनवरी से मई 2026 तक चलेगा।
- इसमें 16 हफ़्तों की ट्रेनिंग होगी, जिसके बाद 4 हफ़्तों की रिहर्सल अंतिम शोकेस की तैयारी के लिए रखी जाएगी।
- कक्षाएँ सोमवार से शनिवार शाम को आयोजित की जाएँगी।
- फेलोज़ को हर दो हफ़्ते में होने वाली प्रस्तुतियों पर मेंटर्स और फ़ैकल्टी से फ़ीडबैक भी मिलेगा।

## 12. कैसे अप्लाई कर सकते हैं इस फ़ेलोशिप के लिए?

एप्लीकेशन दो हिस्सों में होगा:

- पहला - एक आवेदन फॉर्म भरना होगा जिसमें या तो लिख के या वीडियो बना के भी उत्तर दे सकते हैं।
- दूसरा - शॉर्टलिस्ट किये गए साथियों के लिए एक व्यक्तिगत रूप से वर्कशॉप ऑडिशन ब्लैक बॉक्स, ओखला, दिल्ली में आयोजित किया जाएगा।

## 13. फॉर्म में क्या-क्या भरना होगा?

- पार्ट 1 : फॉर्म का पहला हिस्सा आपसे सामान्य जानकारी मांगेगा नाम, उम्र आदि । फिर आपकी पृष्ठभूमि और अगर आप किसी हाशिए पर रहे समूह (जैसे जाति, आर्थिक स्थिति, धर्म आदि) के सदस्य हैं, तो उसकी जानकारी। आखिर में, हम आपके काम के अनुभव के बारे में भी पूछेंगे।

- यह हमें आपकी ज़रूरतों के आधार पर मूल्यांकन करने में मदद करता है, जो कि बरगद कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। यदि आपके कोई सवाल या चिंताएँ हैं, तो बेझिझक हमसे संपर्क करें।

- पार्ट 1 को लिखित रूप में जमा करना अनिवार्य है। अगर आप ऐसा न कर पाएं तो कृपया हमसे संपर्क करें।

पार्ट 2 दो भागों में बटा है:

- 2a आपसे आपके व्यक्तिगत संदर्भ पर विस्तृत जानकारी मांगेगा, और यह कि आप कैसे समझते हैं कि यह कार्यक्रम आपके लिए उपयुक्त है।

- 2B में दो प्रश्न होंगे। पहला प्रश्न आपसे थिएटर में आपकी रुचि के बारे में विस्तार से बताएगा। दूसरा प्रश्न यह पूछेगा कि इस प्रशिक्षण के पूरा होने के बाद आप इसके साथ क्या करने की उम्मीद रखते हैं।

- पार्ट 2 को आप लिखित रूप में या वीडियो के रूप में जमा कर सकते हैं।

- पार्ट 3 क्रिएटिव हिस्सा होगा। आपको कम से कम एक विडिओ भेजना होगा।

- पहला एक छोटा सा मोनोलॉग - कृपया दिए गए विकल्पों में से एक चुनें या अपनी पसंद का कोई नाटकीय पाठ चुनें। अधिकतम समय सीमा 1 मिनट 30 सेकंड है। यह अनिवार्य है।

- दूसरा वीडियो ऑप्शनल है। कृपया अपनी पसंद का कोई भी प्रदर्शन वीडियो भेजें, जो आपको एक कलाकार के रूप में दर्शाता हो। अधिकतम समय सीमा 1 मिनट 30 सेकंड है।

## 14. क्या किसी जातीय या धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय से होने वाले लोग आवेदन कर सकते हैं?

बिलकुल, हम ऐसे लोगों को इसमें हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित करते हैं जो जातीय, धर्म और नस्ल के आधार पर हाशिये पे खड़े हैं। फ़ॉर्म आपको अपनी जाति, धार्मिक, जातीय पृष्ठभूमि आदि के विवरण देने की अनुमति देता है, यदि आपको लगता है कि यह आपके आवेदन के लिए प्रासंगिक है।

## 15. “हाशिये” से आपका मतलब क्या है?

‘हाशिये’ से यहां मतलब उस व्यक्ति, वर्ग या समूह से है जो ऐतिहासिक रूप से जाति,धर्म,लिंग,विकलांगता के आधार पर सामाजिक,आर्थिक या राजनीतिक लाभ से वंचित रहे हैं। अगर आपको लगता है आप इसमें से किसी कैटेगरी में आते हैं, आपको आवेदन भरने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

हालाँकि हम मानते हैं कि उपर्युक्त सभी हाशिये पर रहने की स्थितियाँ अवसरों की पहुंच को सीमित करती हैं, बरगद प्रोग्राम का पहले साल में मुख्या फोकस उन आवेदकों पर होगा जो जाति और आर्थिक हाशिये पर होने के कारण वंचित हैं।

## 16. आवेदन फॉर्म भरने की आख़िरी तारीख़ क्या है?

- आवेदन **1 सितम्बर** से खुलेगा और **5 अक्टूबर** तक भरे जा सकेंगे।
- शॉर्टलिस्ट किए गए आवेदकों की घोषणा **1 नवम्बर** तक की जाएगी।
- इन–पर्सन ऑडिशन **29 नवम्बर** से **7 दिसम्बर** के बीच होंगे।
- चयनित उम्मीदवारों की अंतिम सूची **10 दिसम्बर** तक घोषित की जाएगी।
- ओरिएंटेशन **10 जनवरी** को होगा।
- कक्षाएँ **12 जनवरी** से शुरू होंगी।

## 17. अगर मेरे पास वीडियो रिकॉर्ड करने की सुविधा नहीं हुई फिर?

वीडियो जमा करना आवेदन फॉर्म का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है। लेकिन किसी कारण से अगर आप वीडियो रिकॉर्ड नहीं कर पा रहे, इस स्थिति में हमारी टीम से संपर्क करिये।

## 18. आवेदन फॉर्म भरने के बाद क्या होगा?

आवेदन फॉर्म भरने के बाद, हमारी टीम इसे देखेगी। फिर शॉर्टलिस्ट आवेदक ऑडिशन के लिए बुलाये जाएंगे। निर्णायक मंडल जिसमें थिएटर और थिएटर के बाहर के लोगो होंगे, फाइनल प्रतिभागियों को चुनेंगे।

## 19. व्यक्तिगत ऑडिशन में क्या होगा?

व्यक्तिगत ऑडिशन में वर्कशॉप होगी, जहाँ एक स्वतंत्र ज्यूरी आपकी क्रिएटिविटी, समूह में काम करने का जज़्बा, परफॉरमेंस और थिएटर-मेकिंग कौशल को परखेंगे।

## 20. कितने प्रतिभागी चुने जाएंगे?

अंतिम बैच में 14 चयनित फेलोज़ शामिल होंगे।

## 21. फ़ेलोशिप के बाद भी कुछ होगा?

हाँ, हम एक थिएटर, परफॉर्मेंस के अवसरों को पाने के लिए एक सहायक ढांचा प्रदान करेंगे। इसमें, प्रोजेक्ट पर सुझाव, नेटवर्किंग, मेंटरशिप और परफॉरमेंस ग्रांट भी होगा।

हमारी **पोस्ट-प्रोग्राम पहलें**:

- **बर्गद का चबूतरा** – एक साझा जगह जहाँ बर्गद फेलोशिप के स्नातक, आग़ाज़ रेपर्टरी के सदस्य और अन्य सहयोगी एक साथ आकर प्रयोग और सृजन कर सकते हैं।

- **बर्गद मास्टरक्लास सीरीज़** – थिएटर और परफ़ॉर्मेंस के भीतर अलग–अलग विशेष कौशलों पर केंद्रित गहन कार्यशालाओं की एक श्रृंखला।